# <u>समाचार</u>

# एस.एल.आर.एम. सेंटर की अव्यवस्था पर नाराज हुए आयुक्त, दिया अल्टीमेटम, तत्काल सुधारे व्यवस्थाएं

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्ड क्र. 20 कांशीनगर एवं वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती में संचालित स्वच्छता मेगा ड्राईव का किया निरीक्षण )

## (कार्य के प्रति उदासीनता पर लगाई फटकार, बेहतर कार्यो की प्रशंसा कर किया उत्साहवर्धन)




कोरबा 05 फरवरी 2025 – स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो के निरीक्षण पर निकले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आरामशीन स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर की अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने सेंटर सुपरवाईजर व संबंधित कर्मचारियों को अल्टीमेटम देते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारने व निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं आरामशीन मोहल्ले की बेहतर स्वच्छता पर वहॉ सफाई कार्य कर रही स्वच्छता दीदी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया।

निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 25 जनवरी से चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान की कड़ी में बुधवार 05 फरवरी को वार्ड क्र. 20 कांशीनगर एवं वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती कोरबा में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की टीम के साथ उक्त दोनों वार्डो में व्यापक पैमाने पर किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा बेहतर स्वच्छता कार्यो हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय वार्ड क्र. 20 कांशीनगर के आरामशीन मोहल्ले में स्थित निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे, उन्होने सेंटर का निरीक्षण किया तथा वहॉ की अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया तथा सूखे अपशिष्ट के विक्रय, प्राप्त राशि तथा खाते में राशि पहुंची या नहीं, इसकी जानकारी ली, कम्पोस्टिंग पिट का निरीक्षण किया तथा गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चन्द्रा, भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य,

सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, अंजूला अनंत, सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**लापरवाही पर फटकार, तो अच्छे कार्य की प्रशंसा की** – निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई कार्यो में लापरवाही पर एक ओर जहॉ संबंधितों को फटकार लगाई, तो वहीं दूसरी ओर बेहतर साफ–सफाई कार्य करने वाले सफाई मित्र व स्वच्छता दीदियों के कार्यो की प्रशंसा की, उनका उत्साहवर्धन किया। घंटाघर निहारिका मुख्य मार्ग पर विद्युत खंभों के आसपास प्लास्टिक पाउच, पन्नी व अन्य अपशिष्ट बिखरे पड़े थे, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होने स्वच्छता सुपरवाईजर को फटकार लगाई तथा उसका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं आरामशीन मोहल्ले सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर बेहतर स्वच्छता को देख वहॉ पर काम करने वाली स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों के कार्यो की प्रशंसा की, उनका उत्साहवर्धन किया।

**स्वच्छता संदेश के बोर्ड पोस्टर लगाएं** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों के किनारे, चौक–चौराहों, सार्वजनिक स्थलों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में स्वच्छता का संदेश देने वाले बोर्ड व पोस्टर लगवाएं, साथ ही बोर्ड पर टोल फ्री नम्बर 1100 (निदान) भी अंकित कराएं तथा लोगों को संदेश दें कि वे निगम के विभिन्न कार्यो से संबंधित शिकायतें टोल फ्री नम्बर 1100 में कॉल कर दर्ज करवाएं। उन्होने निर्देश दिए कि निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर पूर्व में लगाए गए लिटरबिन्स जो जर्जर हो चुके हैं, उनके स्थान पर नए लिटरबिन्स स्थापित कराएं।

**ठेले, गुमठी, दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने मुख्य मार्गो, बस्तियों, मोहल्लों का पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ पर स्थित ठेले, गुमठी, दुकानों में डस्टबिन की उपलब्धता का जायजा लिया उन्होने ठेला, गुमठी संचालकों को निर्देश दिए कि वे अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा उत्सर्जित अपशिष्ट को डस्टबिन में ही डाले, सड़कों पर गदंगी न फैलाएं।

**सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने सुभाष चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तथा वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा, शौचालय को साफ–सुथरा रखने तथा वहॉ पर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सतत रूप से बनी रहें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संचालन एजेंसी को दिए।

**सी.एण्ड डी.वेस्ट की सतत मानीटरिंग** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों पर डम्प किए गए सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री की सतत मानीटरिंग करें। उन्होने निर्देश दिए कि सभी जोन कमिश्नर, जोन के अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य मैदानी अमला अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में भ्रमण कर यह देखें कि सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प तो नहीं की गई, जहॉ कहीं डम्प की स्थिति दिखे, तत्काल इसकी सूचना भवन निर्माण अनुज्ञा शाखा, अतिक्रमण दस्ता को दें तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**06 फरवरी को इन वार्डो में अभियान** – गुरूवार 06 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस एवं वार्ड क्र. 54 सर्वमंगलानगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य किए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।